an>

Title: Need to provide PNG in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) ः भारतीय गैस प्राधिकरण (गेल) के द्वारा जगदीशपुर (उत्तर प्रदेश) से हल्दिया (पश्चिम बंगाल) तक गैस पाईप लाइन बिछाने की योजना है।

इस योजना के अंतर्गत यह भी प्रावधान किया गया है कि जिन-जिन शहरों के समानान्तर और अगल-बगल से यह पाईप लाइन गुजरेगी, उन शहरों के नज़दीक एक ग्रिड के माध्यम से शहरों में पाईन लाइन बिछाकर संपर्क किया जाएगा और वहां के निवासियों को रसोई घरों तक खाना बनाने वाली गैस पहुंचायी जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को आसानी से एवं सुविधाजनक तरीके से गैस उपलब्ध कराया जा सके और इससे तेल कंपनियों को गैस सिलेण्डर परिवहन की खतरनाक, खर्चीली और कठिन काम से मुक्ति मिलेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) एक जिला मुख्यालय है और नगर परिषद और जिला परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आता है। औरंगाबाद लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या का शहर है, जो गैप पाईप लाइन की योजना से वंचित है। भारत सरकार की इस लाभकारी योजना से उपभोक्ताओं को अत्यधिक लाभ होगा।

इस संदर्भ में माननीय पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री से मेरा आग्रह होगा कि औरंगाबाद शहर और उसके आसपास के स्थानों को गैस पाईप लाइन योजना से जोड़ने और रसोई गैस की आपूर्ति कराने हेतु शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाये ताकि इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं विशेषकर गृहणियों को सुलभ, सस्ते एवं सुरक्षित ढंग से रसोई गैस उपलब्ध करायी जा सके।